# IIM व CSHD के बीच एमओयू क्षेत्रीय विकास पर साथ करेंगे काम

**सिटी रिपोर्टर**|भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर और सेंटर फॉर स्टडीज ऑन होलिस्टिक डेवलपमेंट (सीएसएचडी) रायपुर के बीच मंगलवार को एमओयू हुआ। एमओयू के दौरान आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रो. राम कुमार काकानी और सेंटर फॉर स्टडीज ऑन होलिस्टिक डेवलपमेंट के सचिव सतीश गोकुल पांडा मौजूद रहे। समझौते के तहत दोनों संस्थान मिलकर अनुसंधान, प्रशिक्षण, सामाजिक पहल और अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देंगे। साथ ही आने वाले दिनों में संयुक्त शोध परियोजनाएं, फील्ड-आधारित अध्ययन और क्षेत्रीय केस स्टडी, युवाओं और प्रशासकों के लिए प्रशिक्षण व नेतृत्व कार्यशालाएं आयोजित की जाएगी। साथ ही छात्रों की सामाजिक पहल और स्टार्टअप के लिए मेंटरशिप, पाठ्यक्रम विकास में विशेषज्ञों की भागीदारी और एक-दूसरे के अकादमिक व डेटा संसाधनों का साझा उपयोग किया जाएगा।

आईआईएम के डायरेक्टर प्रो. राम कुमार काकानी ने कहा- सेंटर फॉर स्टडीज ऑन होलिस्टिक डेवलपमेंट के साथ हमारी यह साझेदारी शैक्षणिक उत्कृष्टता को जमीनी हकीकतों से जोड़ने की दिशा में एक सार्थक कदम है। हमारा मानना है कि प्रबंधन शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होनी चाहिए।

26th June 2025, Dainik Bhaskar (दैनिक भास्कर), P.N-04 (City Bhaskar)